National Journal of
Hindi & Sanskrit Research

**ISSN: 2454-9177**
NJHSR 2023; 1(50): 185-188
© 2023 NJHSR
www.sanskritarticle.com

**डा. ओंकार यशवन्त सेलूकरः**
सहायकाचार्य- वेदविभाग,
श्री.ला.ब.शा.रा.सं.वि.वि.,
नई दिल्ली-१६

**Correspondence:**
**डा. ओंकार यशवन्त सेलूकरः**
सहायकाचार्य- वेदविभाग,
श्री.ला.ब.शा.रा.सं.वि.वि.,
नई दिल्ली-१६

# दर्शपौर्णमासनिहितवैज्ञानिकततथ्यानि।

**डा. ओंकार यशवन्त सेलूकरः**

वयं सर्वे जानिमः वेदाः तादृशाः उपजीव्यग्रन्थाः सन्ति यतः आध्यात्मिकाधिभौतिकाधि-दैविकादयः तथा वैज्ञानिक-राजननैतिक-सामाजिक-आर्थिकादयः विविधाः ज्ञानधाराः प्रवहन्ति। अतः एव सार्वज्ञानमयो हि स इत्यादिभिर्वाक्यैः गौरवान्विताः इमे ग्रन्थाः। वैदिकसाहित्यविषये सद्गुरवः मम पितामहाः ते वारं वारं अस्मान् उपदिष्टवन्तः यत् ब्रह्माण्डे निहितं यत् निगूढं विज्ञानं अलौकोकदृष्टिसंपन्नैः ऋषिभिः प्रत्यक्षीकृतम् तत्सर्वं विज्ञानं ऋषयः वेदमन्त्रैः यज्ञप्रयोगैः च माध्यमेन अस्मत् पुरतः स्थापितवन्तः इति। आधुनिकशिक्षाशास्त्रे एषा अध्यापनप्रक्रिया दृक्-श्रव्य प्रणालीति नाम्ना व्यवह्रीयते। अर्थात् एतैः दर्शपूर्णमासादियागप्रक्रियाभिरपि ऋषयः अस्मान् विशिष्टमलौकिकम् लौकिकं वा विज्ञानमेव प्रतिपादयितुं प्रयत्नं कृतवन्तः इत्यत्र नास्ति कश्चित् सन्देहः। यथा यज्ञप्रयोगार्थं उपयुज्यमानानि पात्राणि साक्षात् यज्ञपुरुषस्य अवयवभूतानि सन्ति।

**उक्तं यथा-**

तथा इयं वेदिः पुरुषस्य साक्षात् शरीरमेवास्ति। आश्रावयण प्रत्याश्रावणादि सप्तदशाक्षरात्मकं यज्ञस्यास्य स्वरुपं आध्यात्मिक पिण्डशरीरस्य एव प्रतीकमस्ति। दर्शनसाहित्येऽपि अस्य शरीरपिण्डस्य पंचज्ञानेन्द्रिय, पंचकर्मेन्द्रिय, मन, पंचप्राणाः, आत्मा चेति मिलित्वा सप्तदशावयवात्मकत्वं स्वरूपं निर्दिष्टमस्ति। श्रुतावपि अनेकत्र **पुरुषो वै यज्ञः** इत्यादिवचनैः यज्ञस्यास्य पुरुषशरीरपिण्डेन सह साम्यता निर्दिष्टा। अनेन इदं स्पष्टं भवति यत् यज्ञप्रक्रियाद्वारा ऋषयः अस्मान् आध्यात्मसंबन्धिविज्ञानमेव प्रतिपादयितुं प्रयतन्ति स्म इति। तथा च् दर्शपोर्णमासे ये त्रयः अग्नयः सन्ति ते लोकत्रयस्य प्रतिकरूपेणात्र स्थिताः। तत्र आहवनीयोऽग्निः द्युलोकस्थसूर्यरुपः दक्षिणाग्निः सक्षात्सोमस्वरुपः गार्हपत्यश्च पृथिविस्थानीयः अर्थात् अनेन त्रैताग्निना लोकत्रयसंबन्धि विशिष्टं विज्ञानमेव प्रतिपादितम्। एवमेव भौतिकपर्यावरनेन सह तु अस्य यज्ञस्य साक्षात् संबन्धः गीतायां भगवता स्वयं ‘ यज्ञात्भवति पर्जन्यः’ इत्यादिवचनैः प्रतिपादितः। दर्शपूर्णमासयागेऽपि अनुष्ठीयमानानां प्रयाजानामपि ऋतुभिः सह साक्षात् संबन्धः ब्राह्मणग्रन्थे ऋषयः प्रतिपादयन्ति। ब्राह्मणे उक्तं यत् प्राचीनकाले ऋतवः देवेभ्यः सकाशात् परागताः सन्तः विरुध्दमसुरमार्गं स्वीकृताः। तदा ऋतून् विना सृष्टेः असंभवात् देवाः तेषां ऋतूनां पुनः अस्मदानुकुल्यतां संपादयितुं यागे प्रयाजानां अन्तर्भावं कृतवन्तः इति।

अनेन प्रसंगेन स्पष्टं भवति यत् प्रयाजानां अनुष्ठानस्य कारणमेव ऋतूनामस्मदानुकूल्यतां सम्पादनमस्ति इति। श्रूयते यथा-

**'ऋतवो वै प्रयाजाः'** इति।[1]

अनेनैव प्रकारेण आधिदैवतविज्ञानविषयेऽपि एषा यज्ञप्रक्रिया साधनभूता एव। ब्राह्मणे अनिरुक्तप्रजापतेः स्वरूपं बोधयितुं यज्ञस्य स्वरूपमेव अवगन्तव्यमिति ज्ञापयितुं ऋषयः श्रुतौ अनेकत्र 'यज्ञो वै प्रजापतिः' इत्यादिवचनानि अनेकत्र उपदिष्टवन्तः। यथा यज्ञस्यास्य सप्तदशात्मकं स्वरूपमस्ति तथैव स प्रजापतिरपि द्वादशमासैः पंचऋतुभिः च अर्थात् सप्तदशात्मकं भूत्वा इमां प्राजां सृजति पालयति च।

संक्षेपेन कथयामि चेत् अव्यक्तदेवताविज्ञानं, व्यक्तमधिभौतिक-विज्ञानं, आध्यात्मिकंपिण्डशरीरविषयकं पुरुषविज्ञानं च इति त्रिविधविज्ञानप्रतिपादयित्री अर्थात् सांख्यभाषायां उच्यते चेत् व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानस्य प्रतिपादयित्री एषा यज्ञप्रक्रिया वर्तते।

तथा च वृत्रवधादनन्तरं इन्द्रे यत् दौर्बल्यमागतं तन्निवारणाय देवैः क्रियमाणः सान्नायप्रयोगः आयुर्वेदक्षेत्रे क्रियमाणा भैषजप्रक्रियै-वास्ति। अर्थात् स्वास्थ्यविषयेऽपि अस्य यागस्य योगदानं वर्तते। कथनस्य अभिप्रायः अस्ति यत् यद्यपि यज्ञस्य अलौकिकं स्वर्गादिरुपं फलं यजमानस्य कृते निहितमस्ति किन्तु तदपेक्षया यज्ञमाध्यमेन यत् प्रत्यक्षं विज्ञानं अस्मत् पुरतः ऋषयः प्रस्तुतवन्तः तत्तु अस्माकं सर्वेषां कृते अस्तीति। प्रसंगेऽस्मिन् अहं मम पितामहानां एकं वचनं स्मरामि, ते सर्वदा कथयन्ति यज्ञकर्तुः यजमानस्य स्थितिः गोवत्स इव अस्ति। यथा गोवत्सः पयोरुपं अमृतं गोः सकाशात् बहिः आनयितुं निमित्तमात्रमेव कार्यं करोति, किन्तु तदनन्तरं तत् पयः गोवत्सापेक्षया अस्माकं सर्वेषां कृते एव उपकारकरं भवति। तद्वदेव यजमानोऽपि यज्ञमाध्यमेन उत्पद्यमानस्य परोक्षस्वर्गादिफलस्य वास्तविकाधिकारी अस्त्येव किन्तु तेन यज्ञेन उत्पन्नानि अन्यानि प्रत्यक्षपलानि यथा पर्यावरणशुद्धिः, वर्षाद्वारापर्जन्यसृष्टिः, तेन अन्नस्य प्राप्तिः, तेन प्रजाप्राप्तिः, एवंपूर्वोक्तं आधिभौतिका-दित्रिविधविज्ञानस्य रहस्य-ज्ञानमित्यादीनि सर्वाणि फलानि अस्माकं सर्वेषां कृते एव सन्ति।

यज्ञप्रयोगानामुपपत्तिं अनुसृत्यैव अहं शोधकार्यं कृतवान्। तदा मया अनुभूतं यत् एषा यागशाला प्राचीनऋषिवैज्ञानिकानां प्रयोगशाला एव आसीत्। यत्र ऋषयः समस्त पर्यावरणसंवर्धनाय आध्यात्मिकशरीरविषयकं ज्ञानसम्पादनाय, तथा आन्तरिक्षीय-ब्रह्माण्डस्य अध्ययनाय वा विविधान् अविष्कारान् यज्ञप्रयोगान् कुर्वन्ति स्म। तत्र ये आविष्काराः शाश्वतज्ञानेन परीपूर्णाः आसन् तान् समस्तसमाजोपकाराय मनुष्येभ्यः उपदिष्टवन्तः इति। अतः सर्वदा एव अस्माभिः प्रयत्नो विधेयः यत् एतैः विविधयज्ञप्रयोगैः ऋषयः अस्मान् किं किं विज्ञानं प्रतिपादयितुं प्रयत्नं कृतवन्तः इति।

अनया एव धिया दर्शपूर्णमासस्यापि अध्ययने अनेकाः वैज्ञानिकपक्षाः दृष्टिपटले समागताः सन्ति। तेषु केचनप्रसंगाः यथासमयानुसारमत्र प्रतिपादयितुं इच्छामि। तत्र प्रथमः प्रसंगः अस्ति वेदिसंस्कारान्तर्गतः, द्वितीयः इडोपाख्यानप्रसंगः, तृतीयश्च पूर्वोत्तराघारयोः प्रसंगे प्रतिपादिता वांमनसयोः आख्यायिका इति।

दर्शपूर्णमासयागे वेदिखननानन्तरं विविधगर्तयुक्तां वेदिं समीकरणावसरे एकः पूराक्रुरस्येति मन्त्रः विनियुक्तः। शुक्लय-जुर्वेदस्य प्रथमाध्याये अयं मन्त्रः पठ्यते।

**"पुराक्रूरस्य व्विसृपो व्विरप्शिन्नुदादाय पृथिवीं जीवदानुम्।**

**यामैरयंश्चन्द्रमसि स्वधाभिस्तामु धीरासो अनुदिश्य यजन्ते॥"**[2]इति

मन्त्रस्य एवं प्रयोगस्य हेतुप्रदानावसरे महर्षिणा याज्ञवल्क्येन शतपथब्राह्मणे एका आख्यायिका उद्धृता। तद्यथा

**"देवा ह वै संग्रामं सन्निधास्यन्तस्ते होचुः- हन्त यदस्यै पृथिव्या अनामृतम् देवयजनम् तच्चन्द्रमसि निदधामहै। स यदि न इतो असुरा जयेयुः, तत एवार्चन्तः श्राम्यन्तः पुनरभिभवेमेति। स यदस्यै पृथिव्या अनामृतम् देवयजनमासीत्तच्चन्द्रमसि न्यदधत। तदेतच्चन्द्र-मसि कृष्णम्..... इति।**[3]

आख्यायिकायाः सारः अस्ति यत्-

पुरा असुराः मुहुर्मुहुः देवैः सह युद्धं कृत्वा देवेभ्यः सकाशात्पृथिवीं जयन्ति स्म। तदा देवताः असुरसकाशात् यागयोग्यं भुमिं भिक्षारुपेण याचयित्वा भिक्षादाने प्राप्तायां भूमौ यज्ञानुष्ठानं कृत्वा तेन यज्ञेन कृत्स्नां पृथिवीं जयन्ति स्म। देवाः परस्परं विचारं कृतवन्तः 'इतः परं यद्यसुरैः पुनः युद्धे इयं पृथिवी जिता चेत् कदाचित् ते अस्मभ्यं यागार्थं पुनः भुमिं न प्रदास्यन्तीति। एवं पृथिवीतः निष्काशिताः वयं कुत्र तिष्टामः यागं च कथं कुत्र वा कुर्मः। अतः युद्धात्पुर्वमेवास्माभिः पृथिव्याः यागयोग्यो भागः, स चन्द्रमसि स्थापनीयः। एवं भुते सति भविष्ये असुरैः पराजिताः पृथिवीतः निष्कासिताः वा वयं चन्द्रमसि गत्वा पुनः यागं परिचरामः। तेन च यज्ञेन पुनः पृथिवीं जेष्याम इति। एवमुक्त्वा महर्षि याज्ञवल्क्यः कथयन्ति यत् वर्तमाने चन्द्रमसि यत् कृष्णत्वं वयं पश्यामः तद्देवैः स्थापितः पृथिव्याः एव भागः।[4]

ब्राह्मणोक्त आख्यायिकायाः अयमेव भावः मन्त्रभाष्यदर्शनेनापि अवगम्यते यथा

**"पुराक्रूरस्य व्विसृपो व्विरप्शिन्नुदादाय पृथिवीं जीवदानुम्।**

**यामैरयंश्चन्द्रमसि स्वधाभिस्तामु धीरासो अनुदिश्य यजन्ते॥"**[5]इति

अस्य मन्त्रस्य भाष्यसमये महिधराचार्याः कथयन्ति यत्-हे विरप्शिन् विष्णो त्वं श्रृणु। देवासुरयुद्धात्पुरा देवाः, जीवदानुं- जीवं

ददातीति जीवदानुं, यां जीवनस्य धात्रीं सारभूतां पृथिवीं, उदादाय- ऊर्ध्वं गृहीत्वा, स्वधाभिः- वेदैः (अन्नैः वा) सह, चन्द्रमसि- इन्दौ, ऐरयन्- स्थापयामासुः।[6] तामेवानुद्दिश्य धीरासः यजन्ते इति।

अर्थात् असुरसंग्रामात् पूर्वमेव देवाः स्वधाभिः ( वेदैः अन्नैः वा) सह अस्याः पृथिव्याः जीवदानुं भागं अर्थात् जीवनायोपगीतत्वं गृहीत्वा चन्द्रमसि स्थापितवन्तः इति।

**वैज्ञानिकसिद्धान्तः**

अनेन प्रसंगेन सर्वप्रथमस्तावत् एतत् तु स्पष्टं भवति यत् ऋषयः अस्मान् ज्ञापयितुं इच्छन्ति यत् वयं परग्रहेऽपि गन्तुं शक्नुमः इति। अर्थात् परग्रहगमनविज्ञानविषये ऋषयः जातप्रज्ञाः आसन्। संस्कृतसाहित्ये उपलब्धं विमानशास्त्रविषयकः ग्रन्थः, तथा च महाभारते पुष्पकविमानप्रसंगश्च ज्ञात्वा एवं सिध्दमेव भवति यत् प्राचीन वैज्ञानिकयुगे विमानयन्त्रस्य प्रादुर्भावः अभवत्। अतः एव ऋषयः चन्द्रमसि गमनस्य प्रसंगः प्रदत्तवन्तः।

वर्तमानसमये अपि आधुनिकाः विज्ञानिका अपि देवतावदेव चिन्तिताः सन्ति। यदि अस्माकं राष्ट्रे परराष्ट्रस्य आतंकवादिसदृशानां असुराणां वा आधिपत्यं भवति चेत् अस्माकं लोककल्यानाय महता प्रयत्नेन कृतानि सर्वाणि संशोधनकार्याणि वयम् कुत्र स्थापयामः संरक्षयामो वा। स्थितावस्यां विश्वस्य सर्वेषां वैज्ञानिकानां कृते ऋषिः अत्र देवसुरसंग्रामकथा माध्यमेन समाधानं कथयति। अर्थात् अनिष्टप्रसंगेऽस्मिन् यत् देवैः कृतं तथा वयमपि सर्वाः विद्याः, अन्नं, जीवनतत्वानि च भुमितः स्वीकृत्य चन्द्रमसि गत्वा पुनः यागादिवदेव विविधान् वैज्ञानिकप्रयोगान् कृत्वा यथानुकूलं पुनः पृथिवीं प्रसुं शक्नुमः।

अपरमपि वैज्ञानिकत्वं अत्र महर्षिणा याज्ञवल्क्येन प्रतिपादितं वर्तते यत् सर्वेषु ग्रहेषु चन्द्रमा तादृषः अस्ति यत्र जीवनं संभवति इति। अयमेव सिद्धान्तः आधुनिकैः अपि प्रतिपादितो वर्तते।[7] अनेन प्रसंगेन वयम् ऋषीणां वैज्ञानिकदृष्टेः अनुमानं कर्तुं शक्नुमः। यतो हि इतः अपरिमित कालात् प्रागेव ऋषयः प्रत्यक्षीकृताः यत् अस्माकं जीवनाय पृथिव्यनन्तरं पर्यायरुपेण आनुकोल्यः ग्रहः चन्द्रः अस्तीति।

**द्वितीयप्रसंगः**

शतपथब्राह्मणे मनोवाग्भ्यां अहमेव भद्रः अहमेवभद्रः इति स्वोत्कर्षविषये कृतः संवादः प्रसिद्धमेवास्ति। तत्र मनः स्वभद्रत्वविषये वदति यथा हे वाक् त्वं मया अविषयीकृतं किमपि न वदति। अतः त्वं मम कृतानुकरा (अनुगन्त्री) भवसीति।

वाक् कथयति यत् हे मनः अहमेव त्वत्तः सकाशात् श्रेयसीति। यतो हि यत् वस्तु त्वं वेत्थ अहं तत् विज्ञापयामि। तदन्तर्गतविषयं परेषां संज्ञापयामि। अतः त्वत्तः अहमेव श्रेयसीति।

एवं विवदमाने ते प्रजापतिं प्रति जग्मतुः। तदा स प्रजापतिः मनस एव अनुकूलम् उवाच। एवं मनस अनुकूलं प्रजापतिना उक्ते सति सा वाक् अतिदुःखवशात् भग्नवीर्या बभूव। तस्मात् कारणात् देवमनुष्यादीनामुत्पत्तिहेतुः यो गर्भः सोऽपि पपात। खिन्ना सा वाक् प्रजापतिम् उक्तवती यत् हे प्रजापते यां मां पाराजितत्वेनोक्तवान् असि अतः तुभ्यमहम् अहव्व्यवाट् भूयासम् इति।

पतितं तं वाचो गर्भं (रेतं वा) देवाः चर्मणि अन्यस्मिन् वा पात्रे धृत्वा प्रतिदिनं तस्य पालनं कृतवन्तः। प्रतिदिनं परस्परं पृच्छन्ति स्म यत् अत्रैव त्या३त् इति। अर्थात् अत्र पात्रे प्रसिद्धं रेतः कथंभूतम् इति विचारयन्ति। यस्माद्देवैः विचारितं तस्मात् स गर्भः अत्रिः इति नाम्ना सम्बभूव। इत्यस्ति ब्राह्मनोक्ता कथा। अस्याः वैज्ञानिकतायाः विचारः कुर्मश्चेत् मनोविज्ञानं चिकित्साविज्ञानं वा अनेन कथानकेन ऋषयः अस्माकं पुरतः स्थापितवन्तः इति भाति। तदनुसारं यदि काचित् स्त्री गर्भवती स्यात् तदा सा किमपि दुःखं नानुभवेत् इति ध्यातव्यमस्ति। यदि सा अति दुखं अनुभवेत् चेत् तस्य साक्षात् परिणामः गर्भोपरि भवतीति आख्यानस्य अभिप्रायः।

अपरं वैज्ञानिकत्वं अनेन ज्ञापयन्ति यत् यदि प्रसंगवशात् केनापि कारणेन अविकसितगर्भः गर्भाशयात् बहिः पतति चेत् तं पतितं गर्भमपि गर्भात् बहिः पालयितुं शक्यते इति। प्रसंगेऽस्मिन् यत् ऋषिना प्रतिपादितं तत् कालान्तरे प्राचीनकाले प्रत्यक्षतया अनुपालितमिति दृष्यते। यथा महाभारते कौरवानां जन्मावसरे अस्य प्रयोगस्य अनुवृत्तिः जाता। अर्थात् एषा कथा निराधारकल्पनामात्रं नास्ति इत्यपि ध्यातव्यमस्ति। कन्याभ्रुणघातविषयेऽपि अस्य विज्ञानस्य वर्तमानसमये महति आवश्यकता भासते इति मन्ये।

**तृतीयः प्रसंगः**

भविष्यकाले समाजस्य पुरतः एका समस्या जलसंघातरुपेन निश्चयेन समागच्छतीति वैज्ञानिकानां विश्वासोऽस्ति। तदुपरि चलचित्राण्यपि आगतानि, अस्तु। वर्तमाने ग्लोबलवार्मिंग समस्या अस्याः समस्याः कृते बीजरुपेण समागता। येन कारणेन समुद्रजले वृद्धिः वैज्ञानिकैः दृष्टा। ऋषयः अपि जलसंघातस्य विषये चिन्तनशिलाः आसन्। अत एव यज्ञप्रयोगस्य मध्ये एव इडोपाह्वानप्रसंगेन ते अस्याः समस्यायाः आविर्भावे सति किं कर्तव्यं इत्यस्मिन् विषये उक्तवन्तः।[8] शतपथे प्रथमकाण्डस्य तृतीयब्रह्मणे समागतायाः आख्यायिकायाः सारः अस्ति यत्-

एकदा मनुना हस्तपादादिप्रक्षालनाय जलं स्वीकृते सति तस्मिन् एकः मत्स्यः प्राप्तः। स मत्स्यः मनुं प्रति मां पालय इति अवोचत्। तदा किमर्थमिति मनुना पृष्टे सति मत्स्यः अहं त्वां पारयिष्यामीति उक्तवान्। कस्मात् भयात् मां रक्षसि इति मनुना उक्ते सति स कथयति भविष्ये यदा उदकसंघातः आगमिष्यति तदा इमाः प्रजा रक्षणाय देशान्तरे निर्विढाः। तदर्थं त्वं एकं नावं उपकल्प्य मां

आह्वयतु अहं त्वाम् पारयामि इति। प्रसंगेऽस्मिन् अत्र ध्यातव्यमस्ति यत् ऋषयः प्राणीनां बुद्धिकौशल्यविषये जानन्ति स्म। मनुष्यापेक्षया प्राणिनः भविष्ये समागतायाः प्राकृतिकापदाविषये पूर्वमेव जानन्ति इति। आधुनिकाः वैज्ञानिकाः अपि अस्मिन् विषये एवमेव कथयन्ति यत् प्राणिषु तादृषं अलौकिकं सामर्थ्यमस्ति येन ते आपदायाः पूर्वमेव तद्विषये अनुभवन्ति इति। ते स्वव्यवहारमध्यमेन अन्यान्नपि बोधयन्ति। अतः एव नैसर्गिकापदायाः पूर्वमेव तत्स्थानीयाः पक्षिणः तत्स्थानं त्यक्त्वा अन्यत्र गच्छन्ति इति वयं सर्वे जानिमः। मनुः तं मत्स्यं पुष्णाति। यदा स माहाकयः अभवत् तदा तं समुद्रे अत्यजत्। मत्स्यवचनानुसारं वर्षाभ्यन्तरे जलसंघातः प्राप्तः। मनुनापि तथैव कृतं यथा मत्स्येन उक्तम्। मनोः आह्वानं श्रुत्वा मत्स्य अपि तत्रागत्य तं नावं उत्तरं गिरं अधिजमाम। वेदोक्तमेतदाख्यानं पुराणेपि मत्स्यवताररुपेण वर्णितमस्ति। अनेन कथानकेन ऋषयः अस्मान् जलसंघातात् अनिष्टात् निवृत्तिरुपायं उपदिष्टवन्तः। अतः भविष्ये यदि विश्वसंम्मुखे एतादृशी समस्या आगमिष्यति चेत् तस्याः निवारणाय दर्शपूर्णासे प्रतिपादितोऽयमुपायः अस्माभिरपि अनुकरणीय एव। वैज्ञानिका अपि अस्मिन् विषये दत्तावधानाः सन्ति। वर्तमानेऽपि वयं पश्यामः कथं प्राणिविशेषज्ञाः डाल्फिन नामकाय मत्स्याय प्रशिक्षणं दत्वा स्वकार्यार्थिं तं योजयितुं प्रयत्नशीलाः सन्ति। अयं प्रसंगः दर्शपूर्णमासमाध्यमेन ऋषिभिः प्रदत्तस्य विज्ञानस्यैव वर्तमानकाले उपयोगित्वं प्रतिपादयति।

समाजविषये विचारः कुर्मश्चेत् उत्कृष्टसमाजस्य राष्ट्रस्य वा स्थितिः कथं स्यात् अस्य सम्यक् उदाहरणं जुहूपभृतौ आज्यग्रहणप्रसंगे उपपत्तिप्रदानावसारेयाज्ञवल्क्येनोक्तम्। अध्वर्युः जुहुपात्रे चतुर्वारं आज्यं गृह्नाति उपभृतौ च अष्टवारम् इति। तत्र जुहुपात्रं अत्तुः (भोक्तुः) प्रतिकमस्ति उपभृत् च अन्नस्य। तदा जुहूपभृतयोः असमानमाज्यग्रहणेन अनेन प्रसंगेन ऋषिः उत्कृष्टसमाजस्य सूत्रं प्रतिपादयति। ऋष्यनुसारं समाजे अपि एतादृषी एव स्थितिः स्यात् यत्र अन्नं बहु स्यात् किन्तु अत्तारः न्युना स्युरिति। उक्तं यथा

**तद्धि समृद्धम् यत्र अत्ता कनीयान् आद्यो भूयान्॥**[9] इति।

**सारांशः**

यगेषु वैज्ञानिकसिद्धान्तानां प्रचूरता वर्तते। किन्तु अस्माकं दृष्टिरपि तादृशी स्यात्। प्रायः जनाः मात्र आध्यात्मिकोन्नत्यर्थं कस्यचित् ग्रहस्य पीडाशमनाय, धन-पुत्रादिकामनासम्पादनाय, षोडशसंस्कारादि नैमित्तिककर्मसम्पादनाय वा वेदमाश्रयन्ति। अतः ध्यातव्यं यत् नेमे यज्ञाः मात्रस्वार्थोन्नतिपराः। अपि तु समस्त पर्यावरणस्य समृध्यर्थं समस्तजीवानां संवर्धनाय च कृताः वैज्ञानिकप्रयोगा एव सन्ति। तथा समस्त ब्रह्माण्डस्य उत्पत्ति-स्थिति-लयविज्ञानस्य प्रतिपादकाः एवं समाज एवं राष्ट्रस्य च उन्नत्यर्थं मार्गदर्शकाः इमाः प्रक्रियाः। अनयैव धिया यज्ञनिहितं वैदिकविज्ञानमवगन्तुं वयं प्रयत्नं विधास्यामः इति आशासे।

**सन्दर्भाः**


1 शत.ब्रा. १/५/३/१

2 शुक्लयजु. मा.सं. १/२८

3 शुक्ल.मा.शत.ब्राह्म. १/२/५/१८

4 स यदस्यै पृथिव्या अनामृतम् देवयजनमासीत्तच्चन्द्रमसि न्यदधत। तदेतच्चन्द्रमसि कृष्णम्।

5 शुक्लयजु. मा.सं. १/२८

6 शुक्लयजु. मा.सं. १/२८ मन्त्रस्य महिधराचार्यस्य भाष्यम्।

7 विकिपिडिया मध्ये चन्द्रमा इति विषये एतत् सत्यं वर्णितमस्ति यत् भविष्ये चन्द्रमा मनुष्ययुक्तः भविष्यतीति वैज्ञानिकानां मतमस्ति।

8 शत.ब्रा. १/८/३/१-५

9 शतपथब्राह्मणम् – १/३/२/१२

National Journal of
Hindi & Sanskrit Research

**ISSN: 2454-9177**
**NJHSR 2024;** 1(52): 202-205
© 2024 NJHSR
www.sanskritarticle.com

**डा. ओंकार यशवन्त सेलूकरः**
सहायकाचार्य- वेदविभाग,
श्री.ला.ब.शा.रा.सं.वि.वि.,
नई दिल्ली-१६

**Correspondence:**
**डा. ओंकार यशवन्त सेलूकरः**
सहायकाचार्य- वेदविभाग,
श्री.ला.ब.शा.रा.सं.वि.वि.,
नई दिल्ली-१६

# यज्ञसंस्था एक समाजसंस्था

**डा. ओंकार यशवन्त सेलूकरः**

मनुष्य एक समाजशील प्राणी है। अतः इसी मनुष्यजाति का उद्धार करने हेतु ऋषिओं ने इस वैदिक साहित्य का उपदेश दिया । वेद तो वह ज्ञान का स्रोत है जहां से आध्यात्म से लेकर आधिभौतिक एवं आध्यात्मिक तथा राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक इत्यादि समस्त विद्याओं का प्रादुर्भाव हुवा है। अतः एव “ `सर्वज्ञानमयो हि सः’ इत्यादि वचनों से यह साहित्य गौरवान्वित होता है।

हमारे ऋषिओं ने जिन वैज्ञानिक रहस्यों को जाना, उनको मनुष्यसमाज के समक्ष रखने के लिए मन्त्रों की रचना कर इस वैदिक साहित्य का निर्माण किया। ऋषिदृष्ट वह विज्ञान वेदों मे निहित यज्ञीयप्रयोगों से हमारे समक्ष प्रत्यक्ष होता है। लोक मे भी देखा जाता है कि किताबी ज्ञान की अपेक्षा प्रायोगिक ज्ञान समझने मे अत्यन्त सरल होता है। हमारे पूर्वजों ने वेदोक्त यज्ञप्रयोगों के वैज्ञानिकता को जानकर अपने दैनिकजीवन में उन प्रक्रियाओं को अपनाया। जो प्रक्रियाएं कुछ विकृत स्वरूपमें आज भी हमारे जीवन में परंपरागत चल रहि है, और इसी संस्कृति से हमारा समाज भी वैदिक समाज कहा जाता है। किस तरह वेदों का मुख्यतः वैदिक यज्ञों का समाज पर प्रत्यक्ष प्रभाव हैं इस विषय पर इस पत्र में विचार किया जाएगा।

समाज निर्मिति के विषय में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका समुदाय कि होती है। बिना समुदाय के समाज की कल्पना भी नहि कर सकते। अर्थात समाज निर्मिति का बीज समुदाय हि है। वेदोक्त यज्ञप्रक्रिया भी इसी बीज का निर्माण करती है। अर्थात् यज्ञ से समुदाय बनता है; और समुदाय से समाज तथा समाजसे राष्ट्र। किस तरह यज्ञ से समाज का बीज तैयार होता है इसपर सबसे पहले विचार किया जाए।

इस प्रसंग में सबसे पहले हम यज्ञ शब्द पर विचार करते है; जिससे समाज निर्मिति में यज्ञ की भूमिका स्पष्ट हो जाती है। यज्ञ यह शब्द यज् धातु से बना है; जो देवपूजा, संगतिकरण, दान अर्थों मे पढा जाता है। धातु पठित तीनों भी अर्थ समाजप्रक्रिया के लिये सार्थक होते दिखाई देते है। यज्ञ में देवताओं के लिए आहुति देकर उनका पूजन किया जाता है। यहां यज धातु का पूजनात्मक अर्थ यज्ञ में सार्थक हुआ। याग में ऋत्विजों को दक्षिणा दान करते है। दक्षिणा प्राप्त ऋत्विज यजमान को आशिर्वचन देते है। भक्तों को अन्नदान कराया जाता है, इत्यादि विविध प्रकार के दान कर्म करने के कारण यज धातु का दानात्मक अर्थ यज्ञ मे सार्थक होता है। इसी तरह यज् धातु का तीसरा अर्थ जो इस विषय के लिए अत्यंत ग्राह्य अर्थ है वो है, संगतिकरणात्मक अर्थ। यज्ञ के स्थान पर अनेकानेक विविध शास्त्रों के विद्वानों का, भक्तों का, पशुओं का, इतनाहि नहि अपितु यज्ञ में ऋत्विजों द्वारा किए जानेवाले आह्वानों को सुनकर विविध देवता भी अप्रत्यक्षतया याग स्थान पर उस्थित होते हैं। इस तरह एक अलौकिक समुदाय याग स्थान पर संगठित होता है। जो एकत्रित समुदाय हि समाज निर्मिति का अनिवार्य घटक है। या कहे समाज का बीज है। तो किस तरह यज्ञ के माध्यम से बोया गया यह बीज धिरे धिरे समाज रुपी वृक्ष का रूप ले लेता है; इस पर जरा विस्तार से विचार करना चाहिए।

जहां कहि भी यागानुष्ठान होता है, वहां चारों वेदों के विद्वान एकस्थान पर एकत्रित होकर विचार विमर्ष करते है। वेद यह पूर्णरूप से वैज्ञानिक ग्रंथ है। जो वेद के विद्वान है वो भी वैज्ञानिक हि कहलाएंगे। जो वैज्ञानिक एकत्रित होकर समस्त जीवसृष्टि तथा समस्त पर्यावरण के वृद्धि हेतु उन वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को अनुष्ठित करते है; जिन्हे यज्ञ कहां जाता है। कहने का तात्पर्य यह है कि याग निमित्त वो विद्वात्समाज एकत्रित होता है जो वेदनिहित समस्त लोकोद्धार प्रक्रियाओं को जानता है तथा विश्वकल्याणार्थ उनका प्रयोग भी करता है।

समाज या राष्ट्र को स्थापित होने के लिये दुसरा महत्वपूर्ण घटक है भूमि। एकत्रित आए विद्वान सर्वप्रथम यागयोग्य भूमि का चयन करते है। वस्तुतः याग के निमित्त जो भूमि देखि जाति है वो तो समाज को स्थापित करने हेतु हि की जाती है। किसी भी समाज को स्थापित होने के लिये आधारभूत भुमि का तो विचार होता हि है। याग की भूमि सामान्य स्थल से ऊची होनी चाहिये ऎसा विधान है।[1] निश्चित हि मनुष्यों ने भी वहि निवास करना चाहिये जो सुरक्षित हो। यह भी निश्चित है कि सामान्य स्थल से ऊंचा स्थान हमेशा हि सुरक्षित हि होता है। हमारे पुर्वजों ने भी इसी यज्ञीय सिद्धान्त को अपनाया था। आज भी हम देखते है कि पुराने जमाने में जितने भी राजाओं के किले हुआ करते थे वो सभी पहाड पर हि है। पहाडि क्षेत्रों मे तो ज्यादा तर गांव पहाडों पर हि हुआ करते थे। मै यह कहना चाहता हूं कि घर या गांव को किसी ऊंचे जगह पर बनाने की परंपरा यज्ञ से हि निकलि है। जहां पहाड न हो वहां पर भी सामान्य स्थल से थोडासा ऊंचा स्थान बनाकर घर बनाया जाता है। ताकि बारिश के दिनों में भी पानी आए तो वह सीधा घर में न जाए। अर्थात यज्ञ वेदि तो एक वास्तु विज्ञान है।

जिस तरह हर घर का एक वास्तु पुरुष होता है उसी तरह यागवेदि का विष्णु यह वास्तु पुरुष है। शतपथब्राह्मण में महर्षि याज्ञवल्क्य ने कहां है कि देवताओं ने स्वयं विष्णु को जमिन पर लिटाकार उसके ऊपर यज्ञानुष्ठान किया।[2] जिस यागशाला में प्रयोजन के अनुरुप मण्डप बने होते है। आज के वास्तुशास्त्र में भी हर घर का अभिमानी एक वास्तुपुरूष का विधान किया जाता है। घर का यह वास्तु भी यज्ञ के वास्तु के समान हि है। जैसे कि याग में जिस स्थान में हवि (सोम) को रखा जाता है वह हविर्धान मण्डप कहलाता है। जहां सारे ऋत्विज बैठते है वह सदोमण्डप कहलाता है। आज के भाषा में जिसे बैठक रूम कहां जाता है। घर में जैसे बर्तन मांजने का स्थान (बेसिन) होता है वैसे हि याग मण्डप में पात्रों को प्रक्षालन का स्थान होता है; जिसे मार्जालीय के नाम से जाना जाता है। इतना हि नहि यागवेदि में उत्कर नाम का एक कुडादानभी होता है। वेदि का ढलान पूर्व या उत्तर कि तरफ होना चाहिए।[3] इत्यादि अनेकों नियम याग में ऐसे है जो वास्तु शास्त्रों में भी यथावत् ग्रहन किए गये है। अर्थात कहने का तात्पर्य है कि याग में मंडप बनाने कि पद्धति पूर्ण रुप से आज के समाज का वास्तु विज्ञान हि है।

यज्ञीयवेदि को बनाने हेतु अनेकानेक श्रमिकों कि आवश्यकता होति है। जो वैदिकों के निर्देशों के अनुरुप मण्डप को बनाते है। परिणामतः याग के माध्यम से वो श्रमिक समुदाय एक स्थान पर आता है जो वास्तुकला को जानते है। जो याग मण्डप तो बनाते तो है हि; साथ हि यागनिमित्त एकत्रित जनसमुदाय के लोगों को रहने के लिये घर भी बनाते है। जो समाज के लिये अत्यावश्यक घटक है। क्योंकि समाज निर्मिति हेतु जनसमुदाय का स्थायि होना अनिवार्य है।

यज्ञ का स्वरूप द्रव्य और देवता से बनता है। देवताओं को यज्ञ मे आह्वाहित किया जाता है। किन्तु देवतासम्बन्धी हविओं का निर्माण तो याग से पहले हि होना अनिवार्य है। पुरोडाश के निर्माण के लिये आवश्यक व्रीहि, यवादि हवि को निर्माण करने का काम समाज का किसान वर्ग करता है। परिणामतः याग के माध्यम से याग स्थान पर समाज का पोषण करने वाला कृषी वर्ग इकठ्ठा होता है। यह कृषि वर्ग जो याग के लिये धान उत्पन्न करते है; साथ ही वहि वर्ग यागार्थ एकत्रित समस्त जनसमुदाय के लिए भी धान्य को बनाएगा। परिणामतः याग के माध्यम से समाजपोषण करने वालि कृषिव्यवस्था को स्थापित किया जाता है।

इसी प्रकार याग में पय, दधि तथा घी कि भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होति है। जिसके लिये गाय, बकरी इत्यादि दुग्ध प्राणिओं को याग स्थान पर लाया जाता है। तथैव याग मे अश्व ,बैल, अज, हिरण इत्यादि अनेक ऐसे प्राणी काम आते है, जो याग के निमित्त संकलित किए जाते है किन्तु जो याग के साथ साथ वहां एकत्रित समाज के लिये भी काम आते है। कहने का तात्पर्य है की याग के माध्यम से न केवल मनुष्य समुदाय एकत्रित होता है अपितु समाजोपयोगी प्राणीओं का भी समागम होता है।

याग के लिये विविधप्रकार के पात्रों की आवश्यकता होति है। जिसमें कुछ पात्र मिट्टि के, कुछ लकडि के, कुछ धातुमय भी होते है। जिनको बनाने हेतु विविध शिल्पकलानिपुण कलाकारों को बुलाया जाता है। जो याग के साथ साथ समाज के लिए भी बर्तन बनाने का कार्य करते है। यज्ञप्रयोगों को देखने पर हमे पता चलेगा कि हमारे दैनंदिन जीवनमें कितने सारे ऐसे पात्र हैं जो साक्षात याग में प्रयोग किये जाते है। जो सारे पात्र पहले याग में प्रयोग होते थे परन्तु कालान्तर में यथावत समाज ने उसे अपने दैनिक जीवन में अपनाया है। पुरोडाश एवं चरु बनाने कि पद्धति तो पुर्ण रुप से पाकविज्ञान हि

कहलायेगी। जो पद्धति आज भी यथावत् हमारे रसोई में अपनाई जाती है। परिणामतः हमारे समाज में भोजन बनाने हेतु विविध पात्रों को बनाने की पद्धति तथा उन पात्रों में विविध पाक बनानें की प्रक्रिया यज्ञसंस्था की हि देन है ऐसा कहना अतिषयोक्ति नहि कहलाएगा। इसी तरह यज्ञ में रथ एवं बैलगाडी का प्रयोग किया जाता है। हम सब जानते है कि इन दोनों पात्रों की याग में जितनी उपयोगिता होति है उससे ज्यादा तो ये समाज के लिए काम आते है।

इस प्रकार ऐसे अनेक तत्व है जो याग के कारण प्रयोग लाए जाते है किन्तु वास्तविकतः समाज के लिए हि उपयुक्त होते है। जैसे कि पत्र में हमने देखा कि किस प्रकार यागानुष्ठान के बहाने विविध वेदपाठि ब्राह्मणवर्ग एक स्थानपर एक हो जाता है। जो समस्त समाज के विकास के लिए अनुसंधान करते है। उसी तरह ये वैदिक वैज्ञानिक ऋत्विज भी समाज हित के लिए विविध यागों का अनुष्ठान कर मानव एवं प्रकृति का संवर्धन करते हैं। याग कि रक्षा के लिए एवं आर्थिक सहायता हेतु क्षत्रीयवर्ग याग स्थान पर आते है। यज्ञीय पशुओं को तथैव समाजोपयोगि समस्त पशुओं को संभालना एवं धान्य व्यवस्था को देखने का काम करने वाला वर्ग वैश्यवर्ण से संबोधित किया जाने लगा। तथा याग शाला के साथ साथ समाज के समस्त जन समुदाय के लिए गृहनिर्माण करना एवं विविध पत्रों को बनाना तथा यज्ञीयहविओं के लिए तथा समस्त समाज के लिए खेत में धान्य को उगाना, पशुओं का देखभाल करना इत्यादि अनेकों कार्य करने वाला वर्ग है जो यज्ञ के माध्यम से एक स्थान मे एकत्रित हुवा; जिसे शूद्रवर्ण से संबोधित किया जाता है। इस प्रकार यज्ञ के निमित्त एक स्थान पार एकत्रित हुआ यह जन समुदाय याग के साथ साथ याग निमित्त आए जन समुदाय के लिए भी काम करता है।

**वसन्ते वसन्ते ज्योतिषा यजेत्**[4] इस श्रुतिवचनानुसार प्रति वर्ष वसन्त में सोमयाग जैसे महान यागों का अनुष्ठान करना पडता है। तथा हर ऋतु के संधिकाल में चातुर्मास जैसे याग करने पडते है। उपर बताए गये अनुसार एक याग करने हेतु जो जनसमुदाय एक स्थान पर आ जाता है, इतने बडे समुदाय को बार बार याग हेतु इकठ्ठा होना कष्टसाध्य होने से याग निमित्त एकत्रित यह जनसमुदाय हमेशा के लिये एक स्थानपर रहकर अनेकानेक श्रौतयागों को संपन्न करने का कार्य करते है। इस प्रकार भिन्न भिन्न समुदाय के लोग विविध यागों के निमित्त हमेशा के लिए एक स्थान पर जब स्थायी रूप से रहने लगते है तो वहि समुदाय धिरे धिरे यज्ञीय एवं वैदिक सिद्धन्तों को अपने जीवन में अपनाकर विकसितसमाज का रुप धारण करता है। यहि समाज दैवीयाग में प्रयुक्त अनेकों यज्ञप्रक्रियाओं को अपने जीवन में तथा समाज में धारण करता है। जो प्रथाऍं आज भी हमारे समाज में यथावत देखी जाती है। जिस को कुछ उदाहरणों के माध्यम से हम जान सकते है।

उदाहरणार्थ सोमयाग में प्रयुक्त सोमतत्व द्युलोक से इस पृथिवि पर आया है ऐसा वैदिक आख्यान से सिद्ध है। वैदिक संस्कृति के अनुसार अन्य लोक से आया यह सोम हमारे लिए अतिथि के समान है। सोमयाग में इस अतिथि के स्वागत के लिए एक विषेश प्रयोग किया जाता है; जिसे आतिथ्येष्टि के नाम से जाना जाता है। आज भी हमारे समाज में जो कि वैदिक समाज के नाम से जाना जाता है उसमें अतिथि को देवता के समान पूजते हैं। याग के इसी अतिथि सम्मान कि परंपरा को समाज ने अपनाया। इसी का परिणाम है कि हमारे वैदिक संस्कृति से संस्कारित इस भारत ने हमेशा हि अतिथि का सम्मान हि किया है। चाहे वह किसि भी धर्म का हो, या किसी राष्ट्र का।

सोम को क्रय करते समय सोमविक्रेता एवं अध्वर्यु के बिच सोम को खरिदने के लिए किया जाने वाला व्यवहार प्राचिन संस्कृति के वस्तु विनिमय पध्दति को दर्शाता है। जिस मे अध्वर्यू गाय का प्रयोग सोम को खरीदने के लिए करता है। तब सोम विक्रेता कहता है की सोम तो काफी महान वस्तु है अतः मात्र गाय के बदले नहि लिया जा सकता। तो तुम और जादा दाम लगाओ। तब अध्वर्यु भी कई सारी वस्तु देकर सोम को खरीदता है। यह वस्तु के बदले वस्तु देने की वैदिक प्रथा थी जो काफी समय तक हमारे संस्कृति में चलती थी। जिसमे एक वस्तु के बदले उसके तुल्य दुसरी वस्तु देकर खरीदा जाता था।

यहां तक की आज काम के बदले दिया जाने वाला वेतनमान भी इसी वैदिक संस्कृति की देन है। याग मे काम करने वाले ऋत्विज दक्षिणा के रूप में अपना वेतन लेते थे। इन १६ ऋत्विजों को उनके काम के आधार पर चार गण में विभाजित किया जाता है। जिस में प्रथम गण में आने वाले ऋत्विजों का कार्य इतर सभी से अधिक होने के कारण वें पुर्ण दक्षिणा के अधिकारी होते है। द्वितीय गणीय ऋत्विजों को प्रथम की अपेक्षा १/२ भाग दिया जाता है। इसी तरह तृतीय गणीय को १/३, तथा चतूर्थ को १/४ दक्षिणा दि जाती है। अर्थात् जैसा या जितना काम उतना वेतन यह न्याययुक्त वेनतप्रणाली याग में अपनाई जाति है। यही पद्धत आज भी देखने को मिलति है। जिसमें क्लास-१ ओफिसर, क्लास-२ ओफिसर, क्लास-३ एवं क्लास-४ इस तरह विभाग किया हुवा दिखाई देता है। तात्पर्यतः जैसा काम वैसा वेतन यह पद्धति समाज को याग कि देन है।

इसी तरह समस्त मानव जाति के कल्याणार्थ किया जाने वाला यह याग जब तक चलता है तब तक ऋत्विज आपस मे द्रोह न रखने की शपथ भी लेते है जिसे **तानूनप्त्र आज्यस्पर्श** कहा जाता है।[5] याग का यह प्रयोग आज भी अनुकरणीय है। नीजी जीवन में मनुष्यों मे आपस में भले कोई भी वैमनस्य हो पर जब हम समाज के हित के लिए कार्य कर रहे होते है तब आपस मे वैरभाव को भुलकर मात्र समाज के हित को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिये। ये बात आज

खास कर संसद मे एकत्र हुवे मन्त्रिओं को आत्मसात करणी चाहिए जहां से समस्त राष्ट्र के हित का कार्य किया जाता है। यहां पर भी हमे वैदिक यागों से यह प्रेरणा लेनी चाहिए; या तानूनप्त्र आज्यस्पर्श जैसे प्रामानिक शपथग्रहण को अपनाना चाहिए जहां समस्त हित के लिए परस्पर वैमनस्य को भुला कर कार्य करने कि शपथ ली जाती है। धन्य है वह वैदिक संस्कृति जिस में इस प्रकार के विधि को अपनाया जाता है। यहि समाज के लिए यज्ञीयशिक्षा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

त्याग के बिना याग का स्वरूप सिद्ध हि नहि हो सकता।[6] याग की यहि **"इदं न मम"** त्यागप्रक्रिया समाज में त्याग की भावना को बढाता है। इस से यहि शिक्षा मिलती है की, यजमान जिस तरह सभी देवताओं को हविप्रदान करने के अपरान्त जो हवि शेष रहति है उसे भक्षन करता है, उसी प्रकार समाज का हर व्यक्ति भी देवताओं को, अतिथिओं को, या समाज के गरीब को पहले अन्नदान कर अनन्तर बचाहुआ खाए। यहि उच्च यज्ञीय संस्कृति का प्रतिक है। आज पाश्चात्य संस्कृति के चलते लोग पहले स्वयं खाकर बचाहुवा भोजन गरिबों को देते है।

इस विषय पर कहने को तो बहोत है पर यहां कुछ उदाहरणों के माध्यम से हमने यह जानने का प्रयास किया है कि, याग में प्रयुक्त बहोत सी प्रक्रियाएं ऐसी है जिन को प्राचीन समाज मे यथावत् अपने निजि एवं सामाजिक जीवन में अपनाया था जो आज भी हमारे संस्कृति में एवं समाज में यथावत् अनुष्ठित है। जो याग का समाज पर प्रभाव का द्योतक है।

**निष्कर्ष-**

प्रतिपादन का विषय तो बहूत विशाल एवं चिन्तनीय है। निष्कर्ष रूप से कहे तो यज्ञसंस्था मात्र स्वर्गप्राप्ति हेतु किया जाने वाला धार्मिक अनुष्ठान का मात्र विषय न होकर; वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से विविध समुदाय के लोक एक स्थानपर एकत्रित होकर अनेकानेक यज्ञों का संपादन करते हुए एक समाज का रुप धारण करते है। परिणामतः यह यज्ञसंस्था एक समाजसंस्था भी है। तथा हम यह भी देख सकते है की याग मे प्रयोग होने वाले प्रयोगों को किस तरह बाद मे समाज के लोगों ने अपनाया। जो सिद्धान्त आज भी समाज के अभिन्न घटक बन गए है। तथा पत्र में बताया गया की यज्ञ के निमित्त जिनजिन चिजों का संग्रह किया जाता है वो सारी चिजें याग के साथ साथ समाज के लिए हि अनिवार्य है। इसी तरह हम देख सकते है कि किस तरह याग मे प्रयुक्त क्रियाओं का अनुसरण कर हम एक उन्नत समाज का निर्माण कर सकते है। जिस में परस्पर मित्रभाव रहने के लिए तानुनप्त्र आज्यस्पर्श जैसे प्रयोग है; या इदं न मम जैसी त्याग भावना के साथ जीवन जिने कला बताई गई हो। तथा देव, मनुष्य, पशु, पक्षी, कीटकादि को खिलाकर बचाहुआ अन्न खुद खानें जैसे अनेक प्रक्रियाऐं है जिनको अपनाकर हम आत्मोन्नति के साथ साथ समाज एवं राष्ट्र की उन्नती कर सकते है।

**पाद टिप्पणी**

[1] का.श्रौत. ७/१

[2] 'यज्ञो वै विष्णुः' शत.ब्राह्मणम।

[3] का.श्रौत. ७/१

[4] का.श्रौत. ७/१

[5] यज्ञतत्वप्रकाश- सोमयाग प्रकरण

[6] "द्रव्यं देवता त्यागः" यह याग का लक्षण कहा जाता है। का.श्रौत.